**Class No. :…………………….**

**Name :………………………..**

# SECOND YEAR HIGHER SECONDARY ANNUAL EXAMINATION, MARCH 2023

## Part – II

## HINDI

### Maximum : 80 Scores

Time :2 ½ Hours

Cool- off Time :15 Minutes

---

**उम्मीदवारों के लिए सामान्य निर्देश :**

- लेखन समय के अलावा, यहां 15 मिनट का कूल ऑफ टाइम है ।
- प्रश्नों से परिचित होने के लिए और अपने उत्तरों की योजना बनाने के लिए कूल ऑफ टाइम का प्रयोग करें ।
- उत्तर देने से पहले प्रश्न को ध्यान से पढ़ें ।
- निर्देशानुसार विशिष्ट प्रश्न संख्या के उत्तर लिखें।

**Score**

**सूचना :1 से 5 तक प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें** । **(5x1=5)**

1. 'बेटी के नाम' किस विधा की रचना है ?
   (आत्मकथा, पत्र, सफरनामा )

2. राजवंती किस कहानी का पात्र है ?
   (सपने का भी हक नहीं, मुरकी उर्फ बुलाकि, दवा)

3. विश्व हिंदी सम्मेलन का सातवां मंजिल कहां हुआ था?
   (भारत, सूरीनाम,त्रिनिदाद)

4. सूरदास हिंदी के किस काव्य धारा के कवि थे ?

(राम भक्ति, निर्गुण भक्ति, कृष्ण भक्ति )

5. 'जमीन एक स्लेट का नाम है' आत्मकथा का रचयिता कौन है ?

(हिमांशु जोशी ,एकांत श्रीवास्तव, अमृता प्रीतम)

**सूचना : कवितांश पढे और 6 से 8 तक प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

**नीलांबर परिधान हरित तट पर सुंदर है।**
**सूर्य -चंद्र युग मुकुट, मेखला रत्नाकर है॥**
**नदियां प्रेम प्रभाव फूल तारे मंडन हैं।**
**बंदीजन खग-वृंद,शेषफन सिंहासन है ॥**
**करते अभिषेक पयोद हैं, बलिहारी इस वेष की।**
**हे मातृभूमि! तू सत्य ही, सगुण मूर्ति सर्वेश की ॥**

6. मातृभूमि के परिधान क्या है ? (1)
(तारे, रत्नाकर, नीलाकाश)

7. मातृभूमि के आभूषण क्या-क्या है ? (2)

8. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें। (6)

**सूचना : 9 से 13 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 का उत्तर लिखें। (2 x2=4)**

9. 'खत क्या भेजा, मेरी जान आंसूनामा था'- बादशाह ने क्यों ऐसा कहा?

10. सूरीनाम में हिंदी के प्रचार- प्रसार में किन किन के विशेष योगदान रहा है ?

11. नेहरूजी के पीढ़ी के सबसे महान व्यक्ति की महत्वाकांक्षा क्या है ?

12. माता यशोदा अपने आपको भूल गई क्यों ?

13. रजिस्ट्री के पहले पिताजी को खेत देखने की इच्छा हुई क्यों ?

**सूचना : 14 से 17 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें।** **(3x4=12)**

14. जीवन- वृत्त पढे और अनुच्छेद तैयार करें।

<u>जीवन - वृत्त</u>

| | |
|---|---|
| नाम | : एकांत श्रीवास्तव |
| जन्म | : 1964 |
| जन्म स्थान | : जुड़ा गांव छत्तीसगढ़ |
| प्रमुख रचनाएं | : मेरे दिन मेरे वर्ष |
| पुरस्कार | : केदार सम्मान |

15. 'ये दोस्ती हम नहीं तोडेंगे '

दोस्ती के महत्व के बारे में टिप्पणी लिखें।

16. निम्नलिखित हाईकू का भावार्थ लिखें।

मान न मान
मैं तेरा मेहमान
बने बुढापा

17. ये कथन पढे बादशाह के चरित्र पर टिप्पणी लिखें।

- तीन दफा सुनने के बाद भी दिल को करार नहीं आया।
- दिल्लीवाले मुझको रोते होंगे वे क्या नहीं जानते कि मैं भी उनको रोता हूं।

**सूचना : गद्यांश पढ़ें और 18,19 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

आज हम दुर्भाग्य के एक युग का अंत कर रहे हैं और भारत पुनः खुद को खोज पा रहा है। आज हम जिस उपलब्धि का उत्सव मना रहा हैं, वह महज एक कदम है, नए अवसरों को खुलने का।इससे भी बड़ी विजय और उपलब्धियां हमारी प्रतीक्षा कर रही हैं। क्या हममें इतनी शक्ति और बुद्धिमत्ता है कि हम इस अवसर को समझों और भविष्य की चुनौतियों को स्वीकार करें?

18. भविष्य की चुनैतियों को कैसे स्वीकार कर सकते हैं ? (2)

19. उपयुक्त खंड का संक्षेपण करें ? (6)

**सूचना 20 से 23 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें।** **(3x6=18)**

20. मेरे लाल पद पढें भावार्थ लिखें ।

**सुतमुख देखि जसोदा फूली।**
**हरषित देखी दूध की दांतियां  प्रेम मगन तनु की सुधि भूली॥**
**बाहिर ते तब नंद बुलाए देखौ धौं सुंदर सुखदाई ।**
**तनक तनक सी दूध की दंतियां देखौ नैन सुफल करो आई ॥**
**आनंद साहित महर तब आए मुख चितवन दोउ नैन अघाई ।**
**'सूर' स्याम किलकत द्विज देख्यो मनो कमल पर बीजु जमाई॥**

**21. Sugathakumari was a famous poet in Malayalam. She was born on 22 January 1934. Her father was a poet and freedom fighter Bodhewaran and mother was V K Karthyani Amma. Krishna kavithakal, Ratrimazha,Pathirapookal are famous works of Sugatha Kumari. She was died on 23 December- 2020**

(freedom fighter- स्वतंत्रता सेनानी )

22. सूरीनाम में सातवां विश्व हिंदी सम्मेलन के उद्घाटन समारोह के बाद लेखक की बातचीत किसी भागीदार के साथ होती है। दोनों के बीच की वार्तालाप तैयार करें ?

23. अक्टूबर 2 को गांधी जयंती के शुभ अवसर पर स्कूल में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की सूचना देते हुए एक आकर्षक पोस्टर तैयार करें।

24. सही मिलान करें ।  (8x1=8)

| | |
|---|---|
| Energy | बट्टा |
| Average | जीवाणु |
| Percent | ऊर्जा |
| Bacteria | अनुपात |
| Certificate | उपग्रह |
| Ratio | औसत्त |
| Discount | प्रतिशत |
| Satellite | प्रमाण पत्र |

**सूचना -25 से 28 तक के प्रश्नों में से किन्ही दो के उत्तर लिखों।  (2x8=16)**

25.' जमीन एक स्लेट का नाम है ' पाठ के पिताजी बेटी और जमीन के विदाइयों पर दुखी है रजिस्टी के उस दिन की पिताजी के डायरी तैयार करें ?

सहायक संकेत -

-जमीन और बेटी की विदाई

-शादी के नाम पर बढ़ता अनावश्यक खर्च

-बिछुडने का दुख

26. पति द्वारा उपेक्षित मुरकी राजवंती के यहां वापस आती है। राजवंती उसे स्वीकार करती है ।संकेतों के आधार पर मुरकी के आत्मकथांश तैयार करें?

सहायक संकेत - राजवंती से अपनी व्यथा सुनाना

-राजवंती द्वारा आश्रय देना

-कोठरी की चाबी देना

-जीवन भर चाबी न छीनने का वादा करना

27. आपके स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस)से साबुन का निर्माण किया है। उसकी बिक्री बढ़ाने योग्य आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

- आकर्षक खुशबू
- त्वचा के लिए उचित
- शुद्ध नारियल के तेल से बना
- कम दाम

Prepared By :


1. Dr.Sreeja Koroth
   HSST Hindi
   GHSS Kuttamath – 14011
   8943685286

2. Shaiji Abraham
   HSST Hindi
   GHSS Chayoth -14016
   9495671308

3. Binu Thomas
   HSST Hindi
   St. Thomas HSS Thomapuram – 14026
   9446839456

4. Priyaranjini M
   HSST Hindi
   GHSS Parappa
   8547350181

5. Rathi V
   HSST Hindi
   Ambedkar Vidyanikethan HSS Periye
   9946781292

6. Dr. Suma M S
   HSST Hindi
   GHSS Kalliot
   9539520991

7. Dr.Marlu Chandran
   HSST Hindi
   GHSS Pallikkara
   9446851989